***Constitutional Oath***



## *Run for Unity*

Run for unity – 31.10.15





# *Matdata Jagarukta*

मतदाता हस्ताक्षर अभियान 21.12.15




हस्ताक्षर अभियान 21.12.15



# Voter Awareness

मंगलवार, 26.01.2016 सीहोर पत्रिका

मतदाता दिवस • वाद विवाद, निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया

## नए मतदाताओं को परिचय पत्र बांटे



सीहोर। युवतियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

सीहोर @ पत्रिका
mp.patrika.com

पीजी कॉलेज के सभागृह में सोमवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर आयोजित समारोह में नवीन पंजीकृत मतदाताओं का मुख्य अतिथि उप जिला निर्वाचन अधिकारी राज कुमार खत्री द्वारा नव मतदाताओं को फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र प्रदान किए गए।

समारोह में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में आयोजित वाद विवाद, निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मतदाता परिचय पत्र के कार्य एवं विधानसभा निर्वाचन में स्वीप प्लान के तहत श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

### मतदाताओं को शपथ दिलाई

नेशनल वोटर्स डे के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा सभी मतदाताओं को शपथ ग्रहण कराई गई। मतदाताओं ने लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने, स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा तथा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. के. शुक्ल, [illegible] अधिकारी [illegible] सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में [illegible] उपस्थित थे।

## *ODF (Swachchh Abhiyan)*

नवदुनिया
www.naidunia.com
भोपाल, शनिवार 05 मार्च 2016

# स्वच्छता का दिया संदेश, गांव में निकाली रैली

सीहोर(ब्यूरो)। ग्राम पंचायत हसनाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य थीम संपूर्ण ग्राम पंचायत को खुले में शौच मुक्त बनाना एवं ग्रामवासियों को स्वच्छता तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। शिविर का शुभारंभ गांव में रैली निकालकर किया गया। रैली के माध्यम से छात्राओं ने घर-घर जाकर ग्रामवासियों को खुले में शौच न जाना, घर में ही शौचालय बनवाना, गांव को साफ रखना, आदि स्वस्थ रहने के मूल मंत्र के प्रति जागरूक किया। इसके बाद छात्राओं ने गांव का सर्वे कर वहां घरों में बने शौचालयों की स्थिति का जायजा लिया। छात्राओं ने दीवारों पर भी नारे लगाकर, ग्राम वासियों को पेम्फलेट्स बांटकर जागरूकता अभियान चलाया। पूर्व रासेयो कप्तान एवं स्वयं सेवक मैना परमार, राशिका यादव, शिवानी प्रजापति, पपीता प्रजापति, निधि टोंक और प्रियंका विश्वकर्मा द्वारा स्वच्छता विषय पर नुक्कड़ नाटक व गीतों के माध्यम से सफाई के महत्व का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच कृष्णा बाई, सचिव सब्बीर अहमद, डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, राजेश बकोरिया, कमल महेश्वरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

***Yaad Karo Kurbani***

15.8.16 'याद करो कुर्बानी'



स्वतंत्रता दिवस पर वृक्षारोपण



## *Voter Awareness*

# नवदुनिया सिटी

आष्टा-नसरुल्लागंज-इछावर-बुधनी

भोपाल, गुरुवार 26 जनवरी 2017

## छात्रों को वोट डालने के लिए किया प्रेरित

सीहोर। शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन बुधवार को हुआ। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने समस्त स्टाफ व छात्राओं को मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई। इसके बाद रासेयो स्वयं सेवकों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। सभी को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। यह भी बताया कि मतदाता कार्ड का प्रयोग परिचय पत्र के रूप मे भी कर सकते है। इसके अतिरिक्त प्राचार्य व महाविद्यालय से स्टाफ ने खुशबू सोनी, विजयानंद, वर्मा, मंगिता वर्मा आदि को मतदाता परिचय पत्र बांटे। कार्यक्रम जिला संगठक रासेयो डॉ. राजेश बकोरिया, रासेयो अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

# *Ek Bharat Shreshth Bharat*

mp.patrika.com
पत्रिका . शनिवार . 22.07.2017

आयोजन

## राष्ट्रीय एकता की सुदृढ़ता एवं संस्कृतियों से कराया परिचित



छात्राओं ने प्रस्तुत किया मनोहारी नृत्य।

**मणिपुर एवं नागालैंड की संस्कृति को सुदृढ़ बनाने कॉलेज में नृत्य प्रतियोगिता**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सीहोर. शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुमन तनेजा की अध्यक्षता में किया गया।

मध्य प्रदेश के नवनिर्मित पार्टनर राज्य मणिपुर एवं नागालैंड की संस्कृति को सुदृढ़ बनाने कॉलेज में नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई इसमें माधवी एवं समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समूह में माधवी मालवीय, हिमांशी खत्री, रिद्धा माहेश्वरी, समीक्षा जायसवाल, अंजलि, प्रिया शामिल थी। महाविद्यालय की प्राचार्य ने छात्राओं को बताया कि राष्ट्रीय एकता की सुदृढ़ता एवं विविध संस्कृतियों से छात्राओं को परिचित कराने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। डॉ जीएल जैन ने छात्राओं को मणिपुर एवं नागालैण्ड की संस्कृति से परिचित कराया। कार्यक्रम रासेयो अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को महाविद्यालयीन स्टॉफ एवं छात्राओं द्वारा सराहा गया।

## *Voter Awareness*

mp.patrika.com
पत्रिका . शनिवार . 20.01.2018

मानव श्रृंखला कार्यक्रम

# मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरुकता का दिया संदेश

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



कॉलेज विद्यार्थियों और एनसीसी कैडेट्स ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को जागरुक किया।

**सीहोर.** चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज व शासकीय गर्ल्स कॉलेज की एनएसएस यूनिट, एनसीसी यूनिट तथा छात्र-छात्राओं व स्टॉफ ने मतदाताओं को जागरुकता अभियान के अंतर्गत मानव श्रृंखला निर्मित कर नागरिकों को मतदान का महत्व बताते हुए मतदाता जागरुकता का संदेश दिय।

इस मानव श्रृंखला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. पुष्पा दुबे ने मतदान को लोकतंत्र का आधार बताते हुए सभी छात्रों से मतदाता परिचय पत्र अनिवार्यतः बनाने की अपील की तथा सही प्रत्याशियों का चयन कर सरकार बनाने व मताधिकार का सही प्रयोग करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन मतदाता जागरुकता समिति संयोजक डॉ. भुवनेश्वरी स्वामी, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी देवेन्द्र कुमार वरवडे तथा एनसीसी प्रभारी डॉ.उदय डोलस तथा डॉ. प्रमिला जैन ने किया। इस अवसर पर मानव श्रृंखला बनाने वाले विद्यार्थियों ने मतदाता जागरुकता के नारे लगाए। कार्यक्रम में डॉ. उर्मिला सलूजा, डॉ. शीलचंद्र गुप्ता, डॉ.सुषमा तिवारी, डॉ.नीरजा कोष्ठा, अपर्णाकड़ू, तृप्ता झा, डॉ.मंजरी अग्निहोत्री, डॉ. गणेशीलाल जैन अन्य स्टॉफ, छात्र संघ पदाधिकारी, कक्षा प्रतिनिधि तथा स्वयं सेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यह मानव श्रृंखला भोपाल नाके से टाउन हाल तक बनाई, जिसमें छात्र-छात्राएं एक दूसरे का हाथ पकड़कर राष्ट्रीय एकता तथा मजबूत लोकतंत्र का संदेश दे रहे थे। मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत समिति द्वारा पूर्व में वाद-विवाद, निबंध, स्लोगन व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय, जिला व विश्वविद्यालय स्तर तक किया गया है। संभाग स्तर पर छात्रों ने अपनी सहभागिता कर मतदाता जागरुकता अभियान में अपना योगदान निश्चित किया है।

## *Run For Unity*

राष्ट्रीय एकता दिवस रैली (31.10.18)






## *Voting Awareness*

सीहोर जिला हरिभूमि 12

भोपाल, बुधवार 21 नवंबर 2018
haribhoomi.com

# मतदाता जागरूकता को लेकर छात्राओं ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विधानसभा निर्वाचन-2018 में जिले के अधिक से अधिक मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरुण कुमार पिथोड़े के निर्देशानुसार स्वीप के अंतर्गत शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली।



सीहोर। मतदान जागरूकता के लिए रैली निकालती छात्राएं।

रैली के दौरान महिला मतदाताओं को उनके मताधिकार का महत्व बताते हुए समझाया गया कि उनका एक-एक वोट निर्णायक होता है। इसलिए सभी मतदाताओं को बिना किसी दबाव, लोभ या लालच के स्वविवेक से निर्णय लेकर नैतिक मतदान करना चाहिए। लगातार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूक अभियान चलाया जा रहा है।

# *Yuva Sansad*

दैनिक भास्कर

भोपाल, शुक्रवार 11 जनवरी, 2019 | 16

## युवा संसद में चुनाव के विषय पर हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

**सीहोर** | शासकीय गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में युवा संसद के तहत वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कार्यक्रम अधिकारी रासेयो डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, प्राध्यापक हिंदी डॉ. जीएल जैन एवं डॉ. नीता मिश्रा अतिथि विद्वान राजनीति शास्त्र के मार्गदर्शन में शुरु हुआ। इस प्रतियोगिता में प्रस्तावित विषयों में से डिजिटल इंडिया, एक देश एक चुनाव एवं जातिवाद विषय के पक्ष एवं विपक्ष में छात्राओं ने अपने विचारों को व्यक्त किया। प्रतियोगिता में चयनित 3 छात्राएं पक्ष तथा 3 छात्राएं विपक्ष में सीहोर में जिला स्तर पर आयोजित होने वाले युवा संसद कार्यक्रम में सहभागिता करेंगी। पक्ष में अनुष्का राय, हीरामणि वर्मा एवं अंजलि मिश्रा तथा विपक्ष में आयुषि गुप्ता, महिमा ठाकुर एवं समन सिद्दिकी का चयन हुआ है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मंजरी अग्निहोत्री कार्यक्रम अधिकारी रासेयो के मार्गदर्शन में हुआ।

# *Yuva Sansad*

जिला युवा संसद के उद्देश्य बताते हुए नोडल अधिकारी डॉ. राजेश बकोरिया




जिला युवा संसद में निर्णायक के रूप में ज्यूरी मेम्बर्स

